# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RISHIKESH
राजभाषा प्रकोष्ठ


दिनांक –06.09.2025

क्र. सं. - 67/हिंदी सेल/एम्स-ऋषि/2025

## परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में **दिनांक 15.09.2025 से 30.09.2025 तक** "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन किया जाएगा। "हिंदी पखवाड़ा 2025" से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार है:-

**हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ**:- भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ हिंदी दिवस के दिन अर्थात दिनांक 14 सितंबर, 2025 को गांधीनगर (गुजरात) में संयुक्त रूप से किया जाएगा।

**हिंदी पखवाड़ा-2025 के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताए**:- इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा के दौरान संस्थान में निम्नलिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा संस्थान में अध्ययनरत सभी इच्छुक विद्यार्थी तालिका में दर्शाई गई तिथि के अनुरूप संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | तिथि, दिवस | समय | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| (i) | हिंदी निबंध | 15.09.2025, सोमवार | पूर्वाह्न 10.30 बजे | छात्र-छात्राएं, एम्स ऋषिकेश |
| (ii) | हिंदी टिप्पण (Noting) | 17.09.2025, बुधवार | पूर्वाह्न 10.30 बजे | एम्स ऋषिकेश के समस्त संकाय/अधिकारियों/कर्मचारियों/नर्सिंग एवं मेडिकल विद्यार्थियों हेतु। |
| (iii) | हिंदी टंकण (Typing) | 19.09.2025, शुक्रवार | अपराह्न 02.30 बजे | |
| (iv) | हिंदी हस्ताक्षर | 20.09.2025, शनिवार | पूर्वाह्न 10.30 बजे | |
| (v) | अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद | 22.09.2025, सोमवार | पूर्वाह्न 10.30 बजे | |
| (vi) | हिंदी वाद-विवाद | 24.09.2025, बुधवार | पूर्वाह्न 10.00 बजे | |
| (vii) | स्वरचित हिंदी कविता पाठ | 26.09.2025, शुक्रवार | पूर्वाह्न 10.00 बजे | |
| (viii) | समापन समारोह | 30.09.2025, मंगलवार | | |

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | नियम | अंकन योजना (कुल 100 अंक) |
|---|---|---|---|
| 1. | **हिंदी निबंध** | - विषय प्रतियोगिता के समय दिया जाएगा।<br>- शब्द-सीमा: 700 शब्द।<br>- समय: 60 मिनट। | - विषय-वस्तु: 30 अंक<br>- मौलिकता: 30 अंक<br>- भाषा-शैली: 20 अंक<br>- व्याकरण: 20 अंक |
| 2. | **हिंदी टिप्पण (Noting)** | - 02 विचाराधीन पत्र पर 02 टिप्पणी लिखनी होगी।<br>- निर्धारित सरकारी प्रारूप का पालन करना होगा।<br>- शब्द-सीमा: प्रत्येक 300-400 शब्द।<br>- समय: 60 मिनट। | - प्रारूप की शुद्धता: 30 अंक<br>- विषय की समझ: 30 अंक<br>- मानक शब्दावली: 20 अंक<br>- व्याकरण: 20 अंक |
| 3. | **हिंदी टंकण (Typing)** | - 10 मिनट में दिए गए गद्यांश को टाइप करना होगा।<br>- हिंदी यूनिकोड (इन्स्क्रिप्ट/रेमिंगटन गेल/फॉनेटिक) मंगल फ़ॉन्ट का प्रयोग होगा। | **गति आधारित:**<br>शुद्ध गति = (कुल टंकित शब्द - अशुद्धियाँ) / 10<br>(विजेता का चयन सर्वाधिक 'शुद्ध गति' पर होगा) |
| 4. | **हिंदी हस्ताक्षर** | - निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करने होंगे। | - अक्षरों की बनावट: 40 अंक<br>- समरूपता व स्पष्टता: 30 अंक<br>- मात्रा एवं शिरोरेखा: 30 अंक |
| 5. | **अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद** | - दिए गए अंग्रेजी गद्यांश एवं टिप्पणियों का हिंदी में अनुवाद करना होगा।<br>- समय: 45 मिनट। | - भाव की सटीकता: 30 अंक<br>- उपयुक्त शब्दावली: 20 अंक<br>- व्याकरण व वाक्य-विन्यास: 30 अंक<br>टिप्पणियाँ – 20 अंक |
| 6. | **हिंदी वाद-विवाद** | - विषय 24 घंटे पूर्व बताया जाएगा।<br>- प्रत्येक वक्ता को 4 +1 मिनट का समय मिलेगा। | - विषय ज्ञान व तर्क: 40 अंक<br>- प्रस्तुतीकरण : 30 अंक<br>- प्रवाह : 30 अंक |

| 7. | **स्वरचित हिंदी कविता पाठ** | - कविता स्वरचित (मौलिक) होनी चाहिए।<br>- कविता पाठ हेतु अधिकतम 5+1 मिनट मिलेंगे।<br>- कविता की एक प्रति 22.09.2025 तक जमा करनी होगी। | - रचना की मौलिकता व भाव: 40 अंक<br>- प्रस्तुतीकरण: 40 अंक<br>- भाषा-सौष्ठव: 20 अंक |
|---|---|---|---|

**प्रतियोगिताओं में शामिल होने हेतु प्रविष्टयां:-**

उक्त प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक सभी प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से दिनांक 13.09.2025 (शनिवार) तक सीधे राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करें। यद्यपि अंतिम तिथि तक ऑनलाइन प्रविष्टियां नहीं भेज पाने वाले प्रतिभागियों को समिति की सहमति से प्रतियोगिता के दिन अपनी प्रविष्टि देकर प्रतियोगिता में शामिल होने की अनुमति होगी।

**पुरस्कारों का विवरण:-**

| **क्र.सं.** | **पुरस्कार श्रेणी** | **पुरस्कार राशि (रुपये में)** | **मात्रा** | **कुल राशि रु. में** |
|---|---|---|---|---|
| (i) | प्रथम | 3000/- + प्रमाणपत्र | 07 | 21000 |
| (ii) | द्वितीय | 2500/-+ प्रमाणपत्र | 07 | 17500 |
| (iii) | तृतीय | 2000/- + प्रमाणपत्र | 07 | 14000 |
| (iv) | प्रोत्साहन | 1000/- + प्रमाणपत्र | 07 | 7000 |
| | | कुल | | 59,500/- |

**2.** राजभाषा विभाग के दिनांक 16 फरवरी 1988 के कार्यालय ज्ञापन सं. II/12013/3/87-रा.भा.(क-2) के तहत सरकारी कामकाज में मूलतः हिंदी में टिप्पण/आलेखन के लिए प्रोत्साहन योजना संस्थान में भी लागू है। इसमें दिए जाने वाले पुरस्कार इस प्रकार हैः-

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **पुरस्कार राशि (रुपये में)** | **कुल राशि (रुपये में)** |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रथम (02 पुरस्कार) | 5000/- + प्रमाणपत्र | 10000 |
| (ii) | द्वितीय (03 पुरस्कार) | 3000/-+ प्रमाणपत्र | 9000 |
| (iii) | तृतीय (05 पुरस्कार) | 2000/- + प्रमाणपत्र | 10000 |
| | कुल 10 पुरस्कार | | 29000/- |

**समापन समारोहः-**

"हिंदी पखवाड़ा" संबंधी समापन समारोह कार्यपालक निदेशक महोदय के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 30.09.2025 (शुक्रवार) को अपराह्न 03.00 बजे मिनी ऑडी, तृतीय तल, एम्स, ऋषिकेश में आयोजित किया जाएगा। समारोह के अंतर्गत मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि तथा अन्य मंचासीन अधिकारियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों एवं संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों से अनुरोध है कि संबंधित प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये इस परिपत्र के साथ संलग्न गूगल फॉर्म लिंक (https://forms.gle/yvEWY3T3yFdxYfEy7) के माध्यम से दिनांक 13.09.2025 (शनिवार) तक अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन प्रेषित (Submit) करें। प्रतियोगिताओं के निर्णायक उनसे संबंधित प्रतियोगिता में तथा हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति एवं राजभाषा प्रकोष्ठ के सदस्य उपर्युक्त किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। हिंदीतर भाषियों को प्रतियोगिता में प्राप्तांकों के 10% अंकों का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सभी के लिए बाध्यकारी होगी।

सक्षम प्राधिकारी, एम्स ऋषिकेश के अनुमोदन से जारी ।

**भवदीय,**

सुभाष चौहान 06/09/25

**(सुभाष चौहान)**
**कार्यवाहक प्रशासनिक अधिकारी**
**एम्स ऋषिकेश**

**प्रति,**

**समस्त विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ/अधिकारी/कर्मचारी**
**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश**

**प्रतिलिपिः-**

1. कार्यकारी निदेशक के प्रधान निजी सचिव, एम्स ऋषिकेश को सूचनार्थ।
2. गार्ड फाइल